# 835 विद्यार्थियों व 29 शोधार्थियों को मिली डिग्री

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह

**भोपाल, 20 दिसंबर. ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती और अच्छे मनुष्य बनने से हर क्षेत्र में सफलता मिलती है. यह कहना था एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर जय नारायण चौकसे का. यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया.**

इसमें शिक्षा और ढेरों उपलब्धि का उत्सव देखने को मिला. समारोह में अंडरग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट के 835 विद्यार्थियों के साथ 29 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई. कार्यक्रम के दौरान 34 गोल्ड मेडल और एक मेमोरियल मेडल देकर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर चांसलर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और बड़े सपने देखने को कहा. कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अरुण सिंह विशेष अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे. राज्य मंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा और एमपी प्राइवेट यूनिवर्सिटी रेगुलेटरी कमिशन के अध्यक्ष डॉ खेम सिंह डहरिया भी समारोह में शामिल हुए.



समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली पांच विभूतियों को मानक उपाधि प्रदान की गई. इनमें राजनीतिज्ञ सतीश मालवीय, एनएफआइटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जायसवाल, दिव्यांगजन पुनर्वास विशेषज्ञ मनोज कुमार पांडे, आध्यात्मिक क्षेत्र से ब्रह्मऋषि सच्चिदानंद स्वामी और केगर के डायरेक्टर रवीश रोशन शामिल रहे. एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ अनुपम चौकसे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना है. उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के साथ अपने क्षेत्र में पहचान बनाने की सलाह दी.

# एसआईआर का विरोध राजनीतिक दुर्भावनावश

**हिंदी भवन में वरिष्ठ विमर्श संपन्न**




**भोपाल, 20 दिसंबर. मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की नियमित श्रंखला 'वरिष्ठ विमर्श' का आयोजन शनिवार को हिंदी भवन में हुआ. विमर्श में इस माह 'क्या अब भी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को गलत बताना उचित होगा' विषय विचार विनिमय किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता शिरीष श्रीवास्तव ने की. विषय पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने अपने-आपने विचार रखे. वरिष्ठ अधिवक्ता बीके सांघी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि एसआईआर का विरोध एक तरह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है. पत्रकार राजकुमार बरुआ का कहना था कि यह कोई अंतिम सूची नहीं है, यदि किसी सही मतदाता का नाम हटता भी है तो उसे आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार है. वह करवा सकता है. साहित्यकार गोकुल सोनी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का विरोध गलत है. इससे अवैध नागरिकों की पहचान हो रही है. देश की आर्थिक दृष्टि से भी यह सही है. साहित्यकार मोहन तिवारी का सुझाव था कि जो नाम हटाये जा रहे हैं उनका सार्वजनिक तौर पर प्रकाशन हो. जिससे सही स्थिति सामने आ सकेगी. अधिवक्ता प्रमोद सक्सेना का कहना था कि यह एक सतत प्रक्रिया है. अध्यक्षीय उद्बोधन में अधिवक्ता शिरीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह अभियान मतदाता की पवित्रता सुनिश्चित कर रहा है. इससे सही मतदाता ही सामने आ सकेंगे. कार्यक्रम में समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन श्रंखला के संयोजक महेश सक्सेना ने किया.

# नाम वही बदलते हैं जो किसी 'काम के नहीं होते

**कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी ने केंद्र सरकार को घेरा**



**जबलपुर, 20 दिसंबर. कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने शनिवार को जबलपुर प्रवास पर मनरेगा का नाम बदलने पर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया.**

इस दौरान उन्होंनें कहा कि मोदी जी को तुकबंदी वाले नाम, परिवर्णी नाम बनाने में, बने हुए नाम बदलने में या बिगाड़ने में महारथ हासिल है, लेकिन दिक्कत ये है कि उनके द्वारा बनाए गए 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' होते हैं. सवाल ये भी है कि दिन में 18 घंटे काम करने का दावा करते हैं मोदी जी, लेकिन पिछले 11 सालों में अगर रोज 18 मिनट भी काम किया होता, अपना भी निर्माण या सृजन किया होता तो आए दिन कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदलते ना रहना पड़ता.

इस मौके पर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी ने ये भी कहा कि मोदी सरकार ने निर्मल भारत अभियान का नाम बदल कर स्वच्छ भारत अभियान किया. स्वावलंबन योजना का नाम बदल कर अटल पेंशन योजना और अब मनरेगा का नाम बदलकर स्हीबी जी रामजी रख दिया गया है. पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नगर अध्यक्ष, विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, संजय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे.

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने रेस्टोरेंट का पंजीयन किया निरस्त

**जबलपुर, 20 दिसंबर.** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने गेट नंबर-चार के पास मदनमहल स्टेशन रोड स्थित श्री बालाजी रेस्टोरेंट का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया. यह कार्रवाई उस समय की गई जब अधिकारियों ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्वास्थ्यकर और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ बनते पाए. निरीक्षण में यह पाया गया कि रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की अनुसूची-4 में वर्णित स्वच्छता संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा था.

# युवाओं ने कृष्ण और गीता पर आधारित सुनाई कविताएं

**▶ मानस भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 दिसंबर. मानस भवन में शनिवार शाम कृष्ण और गीता विषय पर आधारित कविताओं और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने माहौल को आध्यात्मिक बना दिया.**



युवाओं ने श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और गीता के संदेशों को शब्दों और भावों के माध्यम जीवंत कर दिया. कार्यक्रम में उद्यान्श पांडेय, आराधना मौर्य, माही मोदी और अनुष्का गुप्ता ने कृष्ण और गीता पर आधारित अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं. उनकी रचनाओं में कर्मयोग भक्ति और जीवन मूल्यों की स्पष्ट झलक देखने को मिली. सिद्धि सिंघई, आस्था शर्मा और सृष्टि कुमारी की प्रस्तुतियों ने भी श्रोताओं को ध्यान और आत्मचिंतन की ओर प्रेरित किया. सभागार में मौजूद श्रोताओं ने प्रस्तुतियों को सराहा और तालियों से उत्साह बढ़ाया. यह आयोजन मानस भवन में मासिक आध्यात्मिक श्रृंखला के द्वितीय कार्यक्रम के रूप में किया गया. कार्यक्रम का विषय कृष्ण और गीता रहा. आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान और साहित्य मंडली के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ.

गोष्ठी में बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता रही. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसी मानस अनुष्ठान के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा और मानस भवन के संयुक्त सचिव महादेव सिंह डांगी रहे. अतिथियों ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है. उन्होंने युवाओं से गीता के संदेशों को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया. गोष्ठी में साहित्य मंडली के संस्थापक श्रीराम पांडेय, संयोजक शांतनु सिंह और मानस भवन से सीमा नेमा भी उपस्थित रहीं.

## एक नजर में



### संत हिरदाराम की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित

**भोपाल, 20 दिसंबर.** संत हिरदाराम जी की 19 वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को संस्कार विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव द्वारा संतजी के सेवा भाव को नमन करते हुए एवं स्वामी हिरदाराम साहिब जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया. इस अवसर पर संस्था के सचिव चेलानी ने कहा कि आज यह संकल्प लेते हैं कि हम सब संतजी के बताए हुए सेवाभाव के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएंगे. संस्था के अध्यक्ष वासवानी, कोषाध्यक्ष नागदेव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, को आर्डिनेटर सीमा शर्मा, मोन्टेसरी इन्चार्ज प्रियांषी आडवानी, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने संतजी द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया एवं संतजी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की.

### गाडगे बाबा की पुण्यतिथि पर स्वच्छता संकल्प



**भोपाल, 20 दिसंबर.** श्री मालवीय रजक समाज संघ भोपाल के द्वारा श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर पुल पुख्ता भोपाल में स्थापित स्वच्छता अभियान के जनक राष्ट्रीय संत शिरोमणि गाडगे बाबा की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए, संत जी अमर रहे का जयघोष किया. समाज के प्रवक्ता प्रकाश मालवीय ने बताया कि संत जी की 69 वीं पुण्यतिथि पर श्री पिपलेश्वर महादेव परिसर में सभी सदस्यों ने स्वच्छता बनाएं रखने एवं संत जी के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया, इस अवसर पर अध्यक्ष नरेश मालवीय, एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, अनुसूचित जाति मार्चा अध्यक्ष हरि ओम असरी, महामंत्री नरेश बिल्लोरे, उपाध्यक्ष सुनील मालवीय, छोटे लाल मालवीय, मुन्नालाल मालवीय, महेश मालवीय अशोक मालवीय, सुनील मालवीय, विशाल मालवीय, मुकेश, विनोद, जितेंद्र, केतन, आदर्श मालवीय सहित सभी पदाधिकारियों मौजूद रहे.

### भोपाल में सनातनी मिलन समारोह आज

**भोपाल, 20 दिसंबर.** राजधानी भोपाल में नाथ, योगी, जोगी एवं समस्त सनातनी समाज के बीच आपसी संवाद और सांस्कृतिक समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम 21 दिसंबर रविवार को आयोजित होगा. आयोजन समिति के जितेन्द्र नाथ ने बताया समारोह का आयोजन ईंटखेड़ी बैरसिया रोड स्थित अंजलि नंदन धाम हनुमान मंदिर प्रांगण में किया जाएगा. कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से होगा, जिसमें समाज के वरिष्ठ संत, अध्यात्मविद्, सामाजिक प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे. कार्यक्रम के माध्यम से नाथ-योगी परंपरा की विचारधारा, सनातन संस्कृति की महत्ता तथा समाज में एकता का संदेश प्रसारित किया जाएगा. आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन आध्यात्मिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुति और पारंपरिक सनातनी विरासत को समर्पित रहेगा. समारोह में अधिक से अधिक लोगों से उपस्थिति का आग्रह किया है.

# 8 माह में अर्जित हुआ 5675 करोड़ का राजस्व

## पश्चिम मध्य रेल ने इस वर्ष के अप्रैल से नवंबर माह तक किया बेहतर प्रदर्शन

**भोपाल,20 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से नवंबर माह तक उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 5675 करोड़ 36 लाख रुपये का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है.**



यह उपलब्धि पिछले वर्ष की समान अवधि में अर्जित 5268 करोड़ 79 लाख रुपये की तुलना में 7.72 प्रतिशत अधिक है. यह सफलता महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है. राजस्व के मदवार विवरण के अनुसार यात्री यातायात से 1704 करोड़ 13 लाख रुपये, माल यातायात से 3693 करोड़ 94 लाख रुपये, अन्य कोचिंग मद से 122 करोड़ 11 लाख रुपये तथा विविध (संड्री) आय से 155 करोड़ 18 लाख रुपये की कमाई हुई है. मंडलवार देखें तो जबलपुर मंडल ने 3382 करोड़ 84 लाख रुपये के साथ सर्वाधिक योगदान दिया, जबकि भोपाल मंडल ने 1237 करोड़ 05 लाख और कोटा मंडल ने 1055 करोड़ 47 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया. यात्री सुविधाओं और राजस्व वृद्धि के लिए पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन, उनकी अवधि का विस्तार, प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिए अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था तथा प्रायोगिक ठहराव की अवधि बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए हैं.

माल यातायात को बढ़ावा देने के लिए माल गोदामों में चौबीसों घंटे लोडिंग-अनलोडिंग, नए माल गोदामों का विकास और गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल व साइडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. इसके अलावा गैर किराया राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचारों और निनफीस नीति के तहत नई योजनाएं लागू की जा रही हैं. पश्चिम मध्य रेल ने स्पष्ट किया कि ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में निरंतर वृद्धि के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी है.

# 'विश्व रंग वार्ता' में भविष्य की दिशा साझा

**भोपाल, 20 दिसंबर. विश्वरंग के सातवें संस्करण की वैश्विक पहुंच को साझा करने के उद्देश्य से शनिवार को होटल पलाश रेसीडेंसी, भोपाल में 'विश्व रंग वार्ता' का आयोजन किया गया.**



यह संवादात्मक कार्यक्रम विश्वरंग फाउंडेशन एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े वरिष्ठ रचनाकारों, आयोजकों और सहयोगियों ने सहभागिता की. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संतोष चौबे ने कहा कि विश्वरंग केवल एक महोत्सव नहीं, बल्कि भाषा, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से वैश्विक मानवीय संवाद की सशक्त पहल है. उन्होंने बताया कि श्रीलंका, मॉरिशस, मुंबई और भोपाल जैसे विभिन्न सांस्कृतिक परिदृश्यों में विश्वरंग ने भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक चेतना को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया है. उन्होंने आयोजन की सफलता के पीछे समर्पित टीमवर्क, संस्थागत सहयोग और रचनात्मक अनुशासन को निर्णायक बताया.

# विद्यार्थियों को बताया उच्च शिक्षा का महत्व

## कॉलेज चलो अभियान

**भोपाल, 20 दिसंबर. शासन के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के तहत शनिवार को प्राध्यापकों ने शिवाजी नगर स्थित सरोजिनी नायडू कन्या विद्यालय, पीएमश्री विद्यालय और न्यू मार्केट टी टी नगर स्थित मॉडल हायर सेकेंडरी विद्यालय का भ्रमण किया.**



इस दौरान विद्यालयों के प्राचार्यों और विद्यार्थियों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई. प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी और उच्च शिक्षा के अवसरों पर प्रकाश डाला. नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाई के बदलते स्वरूप और विद्यार्थियों को मिलने वाले नए विकल्पों के बारे में भी समझाया गया. महाविद्यालयों में संचालित विशिष्ट पाठ्यक्रमों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चयन के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज शिक्षा से जुड़े सवाल पूछे जिनका समाधान प्राध्यापकों ने सरल भाषा में किया. अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और कॉलेज तक पहुंच आसान बनाना रहा.

## बाइक सवार घायल

**सलामतपुर.** करीब दो वर्षों से सड़क पर बने इस गड्ढे में हमेशा पानी भरा रहता था. मीडिया में खबर आने के बाद पंचायत द्वारा इसमें मिट्टी व अन्य मटेरियल डालकर गड्ढा तो बंद कर दिया, लेकिन इससे नई समस्या खड़ी हो गई. मिट्टी भरने के बाद सड़क पर अत्यधिक फिसलन हो गई, जिसके चलते ग्राम करैया निवासी कल्लू मीणा बाइक से गुजरते समय फिसलकर गिर गए. हादसे में एक पैर फ्रैक्चर हो गया और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया. ग्रामीणों का कहना है कि अस्थाई भराव से समस्या का समाधान नहीं हुआ है.

**स्पर्धा** ▶ 34 वीं अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता

# रीवा ओवरऑल चैम्पियन, भोपाल ने जीते रजत

**भोपाल/रीवा, 20 दिसम्बर. रीवा में आयोजित जलसंसाधन विभाग की 34वीं अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में रीवा क्षेत्र ने कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस,में गोल्ड मेडल तथा फुटबॉल, लान टेनिस शूटिंग बाल में रजत पदक प्राप्त कर चैम्पियन आफ़ चैम्पियन का खिताब जीता.**




वहीं भोपाल क्षेत्र ने क्रिकेट, लान टेनिस में गोल्ड तथा टेबल टेनिस तथा कैरम में रजत पदक प्राप्त किया, व्हाली वाल में नर्मदापुरम क्षेत्र ने तथा शूटिंगबाल में इन्दौर ने गोल्ड प्राप्त किया. शुक्रवार को खेले गए क्रिकेट के फ़ाइनल में भोपाल ने ग्वालियर क्षेत्र को 35 रनों से हराया. ग्वालियर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए भोपाल को बल्लेबाज़ी के लिए बुलाया भोपाल के कार्यवाहक कप्तान विरेन्द्र शाह के ताबड़तोड़ 74 रनों की धमाकेदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया. समीर सोनी ने 32, सन्नी अमरेलिया ने 15तथा अविनाश साहू ने 17 रनों की पारी खेली. खिलाड़ियों को सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण डीएल वर्मा, मुख्य अभियंता गंगा कछार रीवा एके डेहरिया, अधीक्षण यंत्री मंडल रीवा मनोज तिवारी, स्पोर्ट्स क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मंडलिक, संरक्षक अखिलेश श्रीवास्तव, प्रांतीय महासचिव मुईनउद्दीन कुरैशी, प्रांतीय वेब मैनेजर सुशील श्रीराव, कार्यपालन यंत्री आयोजक आदित्य सिंह के मुख्य आतिथ्य में पारितोषिक वितरण किया गया.

कुल 171 का पीछा करते हुए ग्वालियर क्षेत्र के दो विकेट जल्दी गिर गये. भोपाल क्षेत्र के समीर सोनी ने तीन, आदित्य ने दो, अविनाश साहू ने दो, सन्नी ने एक विकेट लिया. ग्वालियर की टीम बीस ओवर में 123 रन ही बना सकी. भोपाल ने यह मैच 35 रनों से जीत लिया. भोपाल के समीर सोनी को फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच, अकबर सिद्दीकी को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, आदित्य सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज इंदौर के विक्की गोहर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा वीरेंद्र सोलंकी को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया.


**संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा**
**मध्यप्रदेश भोपाल**
**जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर, भोपाल-462003**
ई-मेल- dr.vandanakhare@mp.gov.in
वेबसाइट- health.mp.gov.in
क्रमांक/2/अवि./सेल-2 (भर्ती)/2025/1872-ई | भोपाल, दिनांक 19/12/2025

**विभागीय विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा भर्ती परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत पद कोड-01 फिजियोथेरेपिस्ट, पद कोड- 02 काउंसलर, कोड- 03 फार्मासिस्ट ग्रेड-2, कोड- 04 नेत्र सहायक एवं कोड- 05 ओ.टी. टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं. तद्संबंध में फिजियोथेरेपिस्ट, काउंसलर, फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक एवं ओ.टी. टेक्नीशियन के पदों की पूर्ति हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया दिनांक 22/12/2025 से प्रारंभ की जा रही है.
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत पद कोड- 01 फिजियोथेरेपिस्ट, पद कोड- 02 काउंसलर, कोड- 03 फार्मासिस्ट ग्रेड- 2, कोड- 04 नेत्र सहायक एवं कोड- 05 ओ.टी. टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि काउंसलिंग की प्रक्रिया से संबंधित मैसेज अथवा जानकारी अभ्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल को प्रदाय किए गए मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल पर ही प्रदाय की जावेगी.
इसके अतिरिक्त काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट health.mp.gov.in पर देखें.

संचालक (अविज्ञप्त)
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
मध्यप्रदेश
G22944/25

**पश्चिम मध्य रेल**

**"रूचि की अभिव्यक्ति"**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल प. म. रे., के मरीजों के लिए दैनिक आधार पर अधिकतम छूट/न्यूनतम दरों के आधार पर दवा सामग्रियों (ग्रुप क्र. 1, 2 व 3) की आपूर्ति के लिए लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं के समूह में शामिल होने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति ऑनलाइन IREPS (Indian Railways E-Procurement System) के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| ग्रुप क्र. | वस्तुओं का विवरण | पिछले तीन वर्षों में दवाइयों की खरीद की लागत रूपये में | अनुबंध की प्रस्तावित दर/अनुबंध के तहत दो (2) वर्षों में खरीदी की संभावित लागत रूपये में |
|---|---|---|---|
| 1 | सभी प्रकार के सर्जिकल उत्पाद जैसे (कॉटन गौज, सुचर, डिस्पोजेबल आइटम्स, ड्रेसिंग सामग्री, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी आइटम्स, ई.सी.जी. रोल इत्यादि | 67,19,180/- सडसठ लाख उनीस हजार एक सौ अस्सी रूपये | 30,27,330/- तीस लाख सत्ताईस हजार तीन सौ तीस रूपये |
| | निविदा क्रमांक :- LP25-27SURGNSZHBJA | | |
| 2 | पैथोलॉजी जॉच में उपयोग किये जाने वाले सभी प्रकार के उत्पाद जिनमे सेमी आटोमेटिक, फुली आटोमेटिक एनालाईजर की। किट, कार्ड, अन्य ग्लासवेयर इत्यादि | 21,34,745/- इक्कीस लाख चौतीस हजार सात सौ पैतालीस रूपये | 11,74,990/- ग्यारह लाख चौहत्तर हजार नौ सौ नब्बे रूपये |
| | निविदा क्रमांक :- LP25-27PATHONSZHBJA | | |
| 3 | रेडियोलोजी जाँच में उपयोग किये जाने वाले सभी उत्पाद जैसे एक्स रे फिल्म्स इत्यादि | 1,95,640/- एक लाख पन्चानवे हजार छःसौ चालीस रुपये | 38,280/- अड़तीस हजार दो सौ अस्सी रूपये |
| | निविदा क्रमांक :- LP25-27RADIONSZHBJA | | |

**सामान्य नियम एवं शर्ते :-**
**1.** आपूर्तिकर्ता, फर्म, अधिकृत वितरक रेलवे व मध्य प्रदेश राज्य शासन के नियमों के अनुसार उपरोक्त वस्तुओं की आपूर्ति की लिए पात्र होंगे । **2.** प्रस्तावित दरें न्यूनतम 730 दिवस तक वैध रहेगी। **3.** पात्रता मानदंड सहित निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण पश्चिम मध्य रेल की वेब साईट https://wcr.indianrailways.gov.in और उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।. **4.** भागीदारी की अंतिम तिथि 08/01/2026 को 15:00 बजे तक है।

हस्ता
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेल चिकित्सालय, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर